### मवेशी बांधकर किया जा रहा अवैध कब्जा

# सरकारी स्कूल परिसर बना तबेला

**नवभारत/ गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पचामा के शासकीय प्राथमिक शाला में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। इस विद्यालय में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए स्कूल परिसर को मवेशी बांधने का अड्डा बना दिया गया है। विद्यालय में बच्चों के पीने के पानी के लिए बनाए गए टीन शेड पर आसपास के दबंगों ने कब्जा कर रखा है, जहां दिन भर बकरियां और अन्य मवेशी बांधे जा रहे हैं। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने कई बार मवेशी बांधने वालों को मना किया और समझाइश दी, लेकिन ग्रामीण उनकी बात को अनसुना कर देते हैं। परिसर में बकरियां और गंदगी होने के कारण बच्चों को पानी पीने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। स्कूल की बाउंड्री वॉल न होने के कारण ग्रामीण न केवल मवेशी बांध रहे हैं, बल्कि स्कूल के खुले हिस्से में अपना निजी सामान रखकर अवैध रूप से कब्जा भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, शिक्षा के स्तर और संसाधनों पर गौर करें तो इस प्राथमिक शाला में पांच कक्षाएं संचालित होती हैं, जिनके लिए मात्र दो कमरे उपलब्ध हैं। इन दो छोटे कमरों में ही पांचों कक्षाओं के बच्चों को बिठाया जाता है। वर्तमान में स्कूल में कुल 17 बच्चे नामांकित हैं, जिन्हें पड़ाने के लिए दो शिक्षकों की नियुक्ति है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में केवल 10 बच्चे ही उपस्थित मिले। विद्यालय परिसर में बड़ते अतिक्रमण और संसाधनों की कमी के कारण बच्चों की पड़ाई और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।



### लाखों की लागत से बना आयुष्मान आरोग्य मंदिर सफेद हाथी साबित

**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीणों को उनके गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण कराया गया है। इसी कड़ी में ग्राम मानेगांव में मुख्य सड़क से लगी बेशकीमती जमीन पर भव्य उपस्वास्थ्य केंद्र भवन खड़ा किया गया है, लेकिन स्टाफ की भारी कमी के कारण यह केंद्र अपनी उपयोगिता सिद्ध करने में नाकाम साबित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि लाखों रुपए की लागत से निर्मित इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अधिकांश समय ताला ही लटका रहता है। यहां केवल एक महिला स्वास्थ्य कर्मचारी (नर्स) की नियुक्ति है, जो बाहर से आवागमन करती हैं। इसके चलते वे सप्ताह में मात्र दो दिन ही केंद्र पर उपस्थित रहती हैं। शेष दिनों में अस्पताल बंद रहने के कारण ग्रामीणों को छोटी-मोटी बीमारियों के उपचार के लिए भी मीलों दूर तहसील मुख्यालय या निजी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने जिस मकसद से इतनी



बड़ी राशि खर्च कर इस भवन का निर्माण कराया था, वह पूरा नहीं हो पा रहा है। भव्य भवन होने के बावजूद पर्याप्त स्टाफ न होने से मरीजों को समय पर इलाज और शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मानेगांव उपस्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की संख्या बड़ाई जाए और यहां नियमित रूप से स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्रीय मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े और शासकीय भवन का सही उपयोग हो सके।

# अपमान कर साधु संतों के साथ मारपीट की

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** संत महात्माओं का अपमान करने वाले कभी भी सुखी नही रह सकते। जिसमें सत्ता के मद में जिन्होने शंकराचार्य जी का अपमान कर साधु संतो के साथ मारपीट की है। उनकों इस पाप की सजा इसी जीवन में मिलेगी। सनातन विरोधी इतनी बड़ी घटना के बाद जो मौन हैं वे भी इस पाप के भागीदार माने जायेंगे। साधु संतो से बेवजह टकराने वालों का अंजाम बहुत बुरा होगा। उक्त बात बुधवार को सुभाष पार्क पर आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी के धरना प्रदर्शन में पहुंचकर परमहंसी गंगा आश्रम के प्रभारी स्वामी अचलानंद महाराज ने कही। स्वामी अचलानंद महाराज ने कहा कि हमे राजनीति से कोई मतलब नही किन्तु हमें आप लोगों ने बुलाया तो इस मुद्दे पर मैं अपनी बात रखने आया हूं। सभी राजनैतिक दलों को चाहिए कि वे सत्ता के मद में धर्म कि अवहेलना न करें अन्यथा इसके परिणाम भुगतना पड़ेंगे क्योंकि सत्ता आती-जाती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने आरोप लगाया कि जिले के दोनों मंत्री सनातन की बात करते हैं किन्तु शंकराचार्य जी के इस मुद्दे पर वे मौन साधे हुए हैं। जिले के दोनों मंत्री स्पष्ट करें कि शंकराचार्य जी से जुड़े इस घटनाक्रम पर उनका रूख क्या हैड़ यदि वे सनातन के साथ हैं तो सार्वजनिक रूप से बयान जारी कर उत्तरप्रदेश सरकार को पत्र लिखें अन्यथा माना जायेगा कि सनातन धर्म से उन्हें कोई लेना-देना नही। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी ने कहा कि स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के लिए धर्म सत्ता का साधन है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि शंकराचार्य जी हम सबके लिए सर्वोच्च हैं। जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष लाखन ड्क्षसह पटेल ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में शंकराचार्य जी का अपमान कर रही है। गौ हत्या बंद कराने की बात करने वाले भाजपा नेताओं के संरक्षण में गाय काटी जा रहीं हैं और आज भारत गौ मांस का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। पटैल ने कहा कि जब शंकराचार्य जी इन मुद्दों पर बात करते हैं तो उनको अपमानित किया जा रहा है। परंतु हम सब हर स्थिति में शंकराचार्य जी के समर्थन में लगातार आंदोलन करेंगे। उक्त मौके पर डॉ. संजीव चांदोरकर, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल, ठाकुर कपिल ड्क्षसह, अलकेश जैन, बॉबी खान, देवेन्द्र शुक्ला, मूरत पटेल, नितिन गोयल, भूपेन्द्र शर्मा, धनीराम पटैल, मनीष साहू, आदि ने उत्तर प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म की बात करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को तत्काल शंकराचार्य जी से माफी मांगना चाहिए। संचालन एवं आभार प्रदर्शन विनोद यादव ने किया।






## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 23 को आयोजित होगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**नवभारत/नरसिंहपुर।** 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शुक्रवार 23 जनवरी को प्रात- 11 बजे या इसी दिन में किसी भी समय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर नेशनल वोटर्स डे की शपथ दिलाई जाएगी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी 2026 को 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देश जारी। परंतु शनिवार 24 जनवरी और रविवार 25 जनवरी को कार्य दिवस न होने से यह शपथ ग्रहण कार्यक्रम 23 जनवरी को 11 बजे या इसी दिन किसी भी समय पर नेशनल वोटर्स डे की शपथ दिलाई जाएगी। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने सभी जिला प्रमुखों से इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न कराने के लिए ।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** बुधवार से राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एस डी एम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। धरना स्थल पर बैठे कृषकों का कहना है कि चिनकी बैराज परियोजना के तहत पहले समस्या ग्रस्त ग्रामों को जोड़ा जाना था लेकिन नहीं जोड़ा गया है ।जिन गांवों में पेयजल की समस्या बनी हुई है वहां पर पहले पीने के पानी और सिंचाई की व्यवस्था की जाये। किसानों को खेतों में डी ए पी खाद यूरिया की समय पर पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। और बाहर विचौलियों द्वारा मनमाने दामों पर यूरिया बेचा जा रहा है ।विद्युत विभाग द्वारा खेतों में कृषि यंत्रों और किसानों आम उपभोक्ताओं




को मनमाने तरीके से घरेलू बिजली बिलों को दिया जा रहा है। जिनमें सुधार किया जाना चाहिए ।राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण बंटवारा फोती प्रकरणों में हीला हवाली की जा रही है। समय सीमा में निराकरण किया जाना चाहिए। निराश्रित आवारा मवेशियों और जंगली सुअरों जानवरों की उचित व्यवस्था की जाये समय समय पर खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहें हैं ।जिसका कृषकों को मुआवजा दिया जाए ।किसानों को स्थानीय नदियों से रेत बजरा और मिट्टी उठाने की अनुमति दी जाये ।गौ शालाओं की उचित व्यवस्थायें की जायें। किसानों के सभी प्रकार के कर्ज माफ किए जायें तथा एम एस पी गारंटी का कानून बनाया जाये ।गन्ना नीति का प्रारुप प्रदेश स्तर पर बनें। शासकीय शुगर मिल की तेंदूखेड़ा में स्थापना हो ।किसान मजदूरों को 60 वर्ष की आयु के बाद 10 हजार रुपए मासिक पेंशन देने की व्यवस्था हो ।किसान सम्मान निधी बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रति एकड़ की जाये। मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना को पुनः शुरू किया जाये जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर बड़ी संख्या में किसान धरने पर बैठे हुए हैं। किसान संघ के सदस्यों ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगों पर शासन प्रशासन ध्यान नहीं देता है तो संघ 30 जनवरी के उपरांत वृहद स्तर पर आंदोलन शुरू किया जायेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।



## गोंगपा की चेतावनी- नशे और सट्टे के खिलाफ 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो होगा आंदोलन

**नवभारत/गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में पैर पसार रहे अवैध शराब के कारोबार और सट्टे की बढ़ती लत के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इन सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध विस्तृत ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने दो टूक लहजे में प्रशासन को सचेत किया है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया, तो पार्टी जिले भर में उग्र जन-आंदोलन शुरू करेगी।

### एक नजर में

## 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** राज्य शासन द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर एक दिन का शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक दिन का शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें/ रेस्तारां बार (एफएल- 2)/ वाईन शॉप को बंद रखते हुए मदिरा का विक्रय पूर्णत- प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत ग्राम बरहटा में खेल उत्सव के रूप में मनाया गया

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में खेल उत्सव के रूप में मनाया गया। खेल महोत्सव के दौरान बच्चों के बीच व्हालीबॉल, कबड्डी, खो-खो, चम्मच व कुर्सी दौड़, क्रिकेट एवं अन्य पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत ग्रामोउत्सव की संपूर्ण जानकारी विस्तार से बताई। उन्होंने इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता करने का आग्रह सभी से किया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष बृजभूषण बाजपेई, प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी, अध्यापक भागचंद झारिया, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, परिषद की संस्थाओं के सदस्य सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## सेन शक्ति महासंगठन की बैठक हुई

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस सेन शक्ति महासंगठन की बैठक संपन्न हुई जिसमें तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अलावा नरसिंहपुर और रायसेन जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे । इस मौके पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज सुधार विषयों पर ध्यान केंद्रित कराते हुए अपने अपने सुझाव रखते हुए आत्मनिर्भरता स्वाभिमान को दृष्टिगत करते हुए आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरित और सुशिक्षित संस्कारवान बनाने की बात कही। प्राचीन काल से चली आ रही परंपराओं में परिवर्तन करने पर भी सभी ने सहमति जताई। तेंदूखेड़ा नगर से समाज अध्यक्ष गणेश सेन महामंत्री मनीष सेन जिला उपाध्यक्ष सरबन सेन द्वारा सभी स्वाजातीय बंधुओं का स्वागत किया। एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।



## नि :शुल्क साईकिल योजना ने बदल दी ग्रामीण बेटियों की पढ़ाई की तस्वीर

**इनवभारत/नरसिंहपुर।** कहते हैं, जब सुविधा और अवसर मिल जाएं तो सपनों को नई उड़ान मिलती है। राज्य सरकार की निऱ्शुल्क साइकिल वितरण योजना ऐसी ही एक सार्थक पहल बनकर सामने आई है, जिसने ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए शिक्षा की राह को आसान, सुरक्षित और सुलभ बना दिया है। यह योजना न केवल विद्यार्थियों की विद्यालय तक पहुँच सुनिश्चित कर रही है, बल्कि ड्रॉपआउट दर में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना से लाभान्वित होकर सीएम राइज विद्यालय अध्ययनरत कक्षा 9वीं की छात्राएं सेजल लोधी, आयुषी राजपूत एवं अनुष्का साहू आज अपने सपनों को मजबूती से आगे बढ़ा रही हैं। ये छात्राएं क्रमशः ग्राम रीछा, देवनगर और बरगी से प्रतिदिन लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय कर विद्यालय आती-जाती हैं। छात्राओं ने बताया कि पहले उनके पास विद्यालय आने-जाने का कोई सुविधाजनक साधन नहीं था। रोजाना पैदल या अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार दूरी और समय की वजह से समय पर पहुँचना मुश्किल हो जाता था, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती थी।

# गंगाजल पिलाकर उपवास तुड़वाया

**नरसिंहपुर।** प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ की गई अभद्रता एवं साधु संतों के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर नगरपालिका चौराहे पर 24 घंटे से अधिक समय तक चले उपवास सत्याग्रह बुधवार की दोपहर को परमहंसी गंगा आश्रम के प्रभारी स्वामी अचलानंद महाराज की विशेष उपस्थिति में समापन कराया गया। स्वामी अचलानंद महाराज ने उपवास पर बैठे पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, चंद्रप्रकाश यादव, अजय दुबे, विवेक पटेल आदि को गंगाजल पिलाकर उनका उपवास तुड़वाया। इस मौके पर अचलानंद महाराज ने कहा कि प्रयागराज में घटित घटना सत्ता के इशारे पर हुई है। गंगा जी में किसी को भी स्नान नही करने देना और शंकराचार्य जी का अपमान करना गौ हत्या के समान पाप है और इस पाप की सजा सात पीढियों तक दोषी को भोगना पड़ती है। अचलानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के अपमान को किसी भी स्थिति में धर्म को मानने वाला सहन नही करेगा। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने कहा कि इस सत्याग्रह को विभिन्न संगठनों का समर्थन मिला। किन्तु धर्म की बार-बार बात करने वाले खामोश हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि न केवल सनातन वरन भारतीय संस्कृति और परंपरा के शंकराचार्य जी सर्वोच्च हैं। उनके अपमान से हम सब दुखी और आक्रोशित हैं। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने अफसोस के साथ कहा कि उपवास सत्याग्रह को आम नागरिकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं ब्राम्हण समाज व पुजारियों ने प्रत्यक्ष समर्थन दिया। किन्तु जो हर बात में हिन्दुत्व की बात करते हैं ऐसे जिम्मेदार राजनेता मौन हैं। इस अवसर पर अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार रखे और कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो नरसिंहपुर जिले के लोग तीव्र आंदोलन भी करेंगे। इसके पूर्व मंगलवार की रात को दंडी स्वामी राघवानंद जी, ब्रम्हचारी ब्रम्हविद्यानंद जी, पूर्व विधायक सुश्री कल्याणी पांडे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, नरेन्द्र राजपूत के अलावा जिलेभर से आये विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने सत्याग्रह में पहुंचकर प्रयागराज की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और सनातन विरोधी बताया।



### मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीसी में दिए सख्त निर्देश

# खनिज माफिया पर कार्रवाई व समय पर सेवाएं सुनिश्चित करने निर्देश

**नवभारत/नरसिंहपुर।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को शासन द्वारा निर्धारित राहत राशि समय पर मिले, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। मुख्यसचिव अनुराग जैन ने यह निर्देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों को दिए। स्थानीय एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में कलेक्टर रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे।

मुख्य सचिव जैन ने प्रदेश में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि खनिज माफियाओं के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर सख्ती से कार्रवाई करें। अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन की रोकथाम हेतु निगरानी बढ़ाने तथा संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में मुख्यसचिव ने लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम के तहत दी जा रही सेवाओं की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आवेदन प्राप्त होने के बाद निर्धारित समय सीमा में सेवा प्रदान की जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो।



### समीक्षा

मुख्यसचिव ने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। पराली जलाने से पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरता और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी किसानों को दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जागरूकता के बावजूद यदि कोई किसान पराली जलाने की घटना करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कानून व्यवस्था की भी हुई समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यसचिव ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



# बगासपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट यूनिटी कप का शुभारंभ

**नवभारत/गोटेगांव** के समीपवर्ती ग्राम बगासपुर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम ग्राउंड में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट यूनिटी कप का शानदार आयोजन शुरू हो गया है। यह टूर्नामेंट 20 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि प्रबल पटेल एवं कुर्मी क्षत्रिय समाज के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बिलावर द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं आरती वंदन किया गया। अतिथियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर और फीता काटकर यूनिटी कप का विधिवत शुभारंभ किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत उद्घाटन मुकाबला रुद्र राय इलेवन गोटेगांव और श्रीनगर की टीम के बीच खेला गया। मैच में श्रीनगर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी रुद्र राय इलेवन गोटेगांव की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 124 रन बनाए और श्रीनगर के सामने जीत के लिए 125 रनों का लक्ष्य रखा।